an>

Title: Need to connect Sidhi Parliamentary Constituency in Madhya Pradesh with air services.

श्रीमती रीती पाठक (सीधी) : अध्यक्ष जी, आज इस सदन में मेरा बोलने का प्रथम अवसर है।...(व्यवधान) मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद करना चाहती हूं। ...(व्यवधान) मैं सीधी क्षेत्र की जनता को भी हृदय से धन्यवाद देना चाहती हूं कि उनके द्वारा चुन कर आने के कारण मुझे संसद में बोलने का अवसर प्राप्त हुआ है।...(व्यवधान)

मेरा संसदीय क्षेत्र सीधी जो कि प्राकृतिक संसाधनों, उद्योग एवं छोटे-मझौले कल-कारखानों के लिए पूरे भारत में मशहूर है।...(व्यवधान) छत्तीसगढ़ एवं उत्तर प्रदेश के प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध कुछ जिले मेरे संसदीय क्षेत्र सीधी से सटे हुए हैं।...(व्यवधान) यहां भी कल-कारखानों, खनन व उद्योगों की भरमार है।...(व्यवधान) इन सभी जगहों पर परिवहन व्यवस्था का जबरदस्त अभाव है।...(व्यवधान) महोदया, किसी भी जगह के विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्य उसे सड़क, रेल, हवाई परिवहन व्यवस्था से मजबूत करना होता है।...(व्यवधान) जिससे संबंधित परिवहन विभाग का राजस्व बढ़ता है एवं साथ ही स्थायी, अस्थायी बाशिंदों का शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक, व्यावसायिक, औद्योगिक एवं व्यापारिक विकास होता है। मैं सदन के माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी व नागर विमानन मंत्री जी से आग्रह करती हूं कि मेरे पूर्व में लोक सभा क्षेत्र के अन्तर्गत सिंगरौली में जिस हवाई अड्डे को बनाने के लिए सरकार की योजना थी, वहां अभी तक इस संबंध में कोई कार्य शुरु नहीं हुआ है। सरकार से मेरा निवेदन है कि उस पर व्यक्तिगत संज्ञान लेकर शीघ्र ही मेरे संसदीय क्षेत्र जो उक्त सभी औद्योगिक जगहों का केन्द्र बिन्दु है, उसे हवाई मार्ग से जोड़ने के लिए प्रबन्ध किये जाएं।

माननीय अध्यक्ष : अगर आप सभी माननीय सदस्य इजाजत देते हैं तो मैं नियम 377 ले लेती हूं।

â€¦(व्यवधान)

HON. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 2 p.m.

12.46 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.